## चेस प्रतियोगिता का समापन

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में राजस्थान स्टेट सीनियर ओपन चेस प्रतियोगिता 2024 का समापन मुख्य अतिथि अजमेर विकास प्राधिकरण आयुक्त नित्या के. और विशिष्ट अतिथि राजस्थान शतरंज संघ के कार्यकारी सचिव विनेश शर्मा के आतिथ्य में 10 अगस्त को हुआ।

तीन दिवसीय सीनियर ओपन चेस टूर्नामेंट का शुभारंभ स्थानीय लोक अदालत अजमेर अध्यक्ष सूर्य प्रकाश काकड़ा के द्वारा बच्चों को उत्साह वर्धन वचनों से 8 अगस्त दोपहर 3:00 बजे से हुआ था। पटेल स्टेडियम की स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में नगर निगम के सहयोग से संपन्न हुई प्रतियोगिता में 18 से ज्यादा जिलों के 190 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस स्पर्धा में 6 वर्ष से 70 वर्ष तक के बुजुर्ग खिलाड़ी शामिल रहे। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष अतहर अब्बास काजमी ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में 51000 के 61 पुरस्कार रखे गए थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीकानेर के होमील मदान रहे वहीं दूसरे स्थान पर जयपुर के तरुण तीसरे स्थान पर जोधपुर के देवेंद्र कुमार चौथे स्थान पर उदयपुर के वृषांक चौहान रहे तो पांचवें स्थान पर होनी अरोड़ा छठे स्थान पर अमन बलाना सहित नारायण जोशी, पवन सेन, अरनव गुप्ता, मानव कुमार, भव्य गुप्ता, राज कपूर, भावेश, शिखर, चिराग 15वें स्थान पर रहे।

# जर्जर मकानों को चिन्हित कर करें उचित समाधान : देवनानी

## विधानसभा अध्यक्ष ने केसरगंज में किया क्षतिग्रस्त भवन का निरीक्षण

**अजमेर, (कासं)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को केसरगंज क्षेत्र में क्षतिग्रस्त मकान का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम को जर्जर भवनों का सघन निरीक्षण कर उचित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि "जनहानि किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, निगम एहतियाती इंतजाम करे।"

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को अपने दिल्ली दौरे के बाद अजमेर पहुंचें। उन्होंने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात की एवं अजमेर के विकास पर चर्चा की। देवनानी ने अजमेर लौटते ही शहर की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया। पिछले दिनों अतिवृष्टि के कारण अजमेर में विभिन्न स्थानों पर भवनों एवं दीवारों के क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं सामने आई थी।

देवनानी ने आते ही नगर निगम प्रशासन से ऐसी घटनाओं की जानकारी ली। उन्होंने केसरगंज स्थित बाजे वाली गली में क्षतिग्रस्त भवन का निरीक्षण किया। नगर निगम के अधिकारी, भारती श्रीवास्तव एवं सतीश बंसल सहित क्षेत्रवासी इस अवसर पर उपस्थित रहे।



वासुदेव देवनानी ने केसरगंज क्षेत्र में क्षतिग्रस्त मकान का निरीक्षण किया।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि लम्बे समय से यह भवन जर्जर था। नगर निगम को कई बार अवगत कराया लेकिन कार्यवाही नहीं की गई। अंततः यह भवन ध्वस्त हो गया। इस भवन के पास से ही नाला भी निकलता है, जिसकी लम्बे समय से मरम्मत नहीं की गई। इस कारण आसपास के मकानों की नींव खोखली हो रही है। अन्य मकानों के भी क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने नगर निगम आयुक्त देशल दान को फोन कर मकान का मलबा हटाने एवं नाले की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इस नाले में ऊंचाई वाले इलाकों से तेज गति से पानी आता है।

देवनानी ने आयुक्त से कहा कि अजमेर शहर के सभी जर्जर भवनों का गहन सर्वे करा कर चिन्हित किया जाए। तंग गलियों में पुराने मकान लगातार जर्जर हो रहे हैं, इनसे दुर्घटना की आशंका बढ़ती जा रही है। कई जगहों पर लोग शिकायतें कर रहे हैं। इन पर गंभीरता से कार्यवाही की जाए। निगम स्वयं ऐसे खतरनाक भवनों को गिराने की कार्रवाई करें। उन्होंने क्षतिग्रस्त भवन के पास ही एक और क्षतिग्रस्त मकान के मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हम समय रहते एहतियाती कदम उठाएं। किसी तरह की लापरवाही एवं जनहानि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को फील्ड में भेज कर कार्यवाही की जाए।

## सेवा भारती प्रकल्प शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**बिजयनगर, (निसं.)।** प्रांतीय सेवा भारती समिति चितौड़ के तत्वाधान में अजयमेरु व भीलवाड़ा विभाग में संचालित प्रकल्पों शिक्षकों का 2 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग आदर्श विद्या मंदिर बिजयनगर में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में बाल संस्कार, सिलाई, खेल केंद्र व भजन-सत्संग केंद्र के शिक्षकों को, प्रकल्प में आने वालों को पढ़ाने-सिखाने व संचालित करने का प्रशिक्षण दिया गया। 7 जिलों के 40 प्रकल्प शिक्षकों को 11 प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। 8 प्रबंधकों ने वर्ग कि व्यवस्था सम्भालने में सहयोग किया। प्रांत संगठन मंत्री गोविंद ने उद्घाटन सत्र में वर्ग के उद्देश्य से अवगत करवाते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं से परिचिय करवाया। सभी सत्रों में गटानुसार शिक्षिकाओं को पाठ्यक्रम का अभ्यास करवाते हुए विभिन्न मन्त्रों का सही उच्चारण करना। हिंदी और गणित पढाने का प्रशिक्षण दिया गया। खेल सत्र में विविध मनोरंजक ज्ञानवर्धक खेलों को खिलाने का प्रशिक्षण दिया गया।

रात्रिकालीन सत्र में अखण्ड भारत माता पूजन कार्यक्रम में सभी प्रकल्प शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा दीपदान कर सामूहिक भव्य भारत माता की आरती की गई तथा सभी ने भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि की। इस अवसर पर प्रान्त संगठन मंत्री गोविन्द कुमार ने अखण्ड भारत के पुरातन वैभव पर प्रकाश डालते हुए। सभी का आ ान करते हुए कहा कि भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने के लिए सभी को तन-मन- धन से कार्य करना है।

## छज्जा गिरने से हड़कंप मचा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के नेहरू रोड स्थित महेश पब्लिक स्कूल में अचानक मेन बिल्डिंग का छज्जा गिरने से हड़कंप मच गया, हालाकि स्कूल प्रबंधन इसे पुन निर्माण के चलते गिराए जाने का तर्क दे रहा है। बीएसएनएल ऑफिस के सामने स्थित महेश पब्लिक स्कूल में रविवार की अल सुबह स्कूल की मैन बिल्डिंग का छज्जा अचानक भरभरा कर गिर गया। बताया जा रहा है की छज्जा करीब 100 फीट लंबा और 10 से 12 फीट चोड़ा था। रविवार के दिन अचानक भरभरा का गिरे छज्जे से हड़कंप मच गया। यदि स्कूल समय में यह हादसा हुआ होता तो बड़ी जनहानि ही सकती थी। स्कूल प्रबंधन का इस मामले के तर्क है की छज्जा गिरा नही गिराया गया है, क्युकी इसका पुन निर्माण करवाना था, लेकिन स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने दबी जुबान में कहा की बड़ा हादसा टल गया।

## विद्यार्थियों को किया साइबर अपराधों के प्रति जागरूक

**अजमेर, (कासं)।** साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने व पुलिस के द्वारा जारी विभिन्न एप को समझाने के लिए अजमेर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई व समाज सेवी प्रकाश चन्द्र जैन ने की ओर स्कूल के विद्यार्थियों व स्टाफ को संबोधित किया और साइबर अपराधो से किस प्रकार बचा जा सके उसके बारे मे विस्तार से समझाया। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने विद्यार्थियों को मोबाइल व सोशल मीडिया का विवेक पूर्ण उपयोग करते हुए भविष्य निर्माण पर ध्यान केन्द्रित करने की सलाह दी ।

उन्होने बताया कि वर्तमान में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म किस तरह हमसे हमारी निजता छीन रहे हैं, इसके नशे की लत में युवा मानसिक व शारीरिक रूप से बीमार होते जा रहें है। मोबाइल प्रयोग से हमारी ध्यान शक्ति कमज़ोर होती जा रही है अतः इसका उपयोग अधिक ना करें। साथ ही उन्होंने, साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया तथा आग्रह किया कि इनके प्रति सतर्क रहें तथा यदि आपके साथ किसी भी प्रकार की साइबर दुर्घटना घटने पर पुलिस व माता-पिता के साथ शीघ्र अतिशीघ्र संपर्क करें। इसी क्रम में समाजसेवी प्रकाश जैन ने विद्यालयों में चलाए जा रहें 'साइबर सुरक्षा' जागरूकता अभियान की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने मांता-पिता व परिचितों को जागरूक करें।

## कार्यकारणी का गठन

**ब्यावर, (निसं)** ब्यावर जिला स्वदेशी जागरण मंच की बैठक विभाग प्रमुख दिलीप सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक विभाग प्रमुख ने स्वदेशी आन्दोलन की सभी को जानकारी दी गई।सभी से स्थानीय स्तर बनने वाले उत्पाद खरीदने उनका सवर्धन और प्रबोधन करने की अपील की गई।इस अवसर पर सरदार सिंह चौहान ,पूनम चन्द वर्मा, हेमन्त दीक्षित,रूपाराम सीरवी को सरक्षक, मोहन सिंह चौहान जिला संयोजक, सुरेश चन्द फुलवारी सह संयोजक, बलराज सिंह महानगर संयोजक, मुरली मनोहर नगर सह संयोजक, मुकेश नगर सह संयोजक, मनीष कुमार सिंह प्रचार प्रमुख, श्रवण सिंह कोष प्रमुख, बसंत सिंह जवाजा खण्ड संयोजक, हीरा रावल सह संयोजक, कैलाश सिंधी जिला पत्रिका प्रमुख, आनन्द नगर पत्रिका प्रमुख और सरदार सिंह को नगर कोष प्रमुख का दायित्व दिया गया।

## तिरंगा वॉकेथॉन का आयोजन आज

**अजमेर, (कासं)।** स्वाधीनता दिवस-2024 को समारोह पूर्वक मनाने के लिए इस वर्ष हर घर तिरंगा महोत्सव का आयोजन 10 अगस्त से 15 अगस्त तक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सोमवार को प्रातः 6 बजे बजरंगगढ़ चौराहे से तिरंगा वॉकेथॉन का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह 6 बजे बजरंगगढ़ चौराहे से रीजनल कॉलेज चौपाटी तक वॉकेथॉन का आयोजन किया जाएगा। इसमें पुलिस विभाग सहित समस्त युवा, खिलाड़ी एवं आमजन भाग लेंगे। इस दिन सायं 6 बजे पुरानी चौपाटी पर बोट रैली का आयोजन होगा। आनासागर में देशभक्ति का सन्देश देती नावों से रैली निकाली जाएगी। हर घर तिरंगा महोत्वस का एक जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार को पुष्कर में भी आयोजित होगा। इसके लिए उपखण्ड अधिकारी निखिल कुमार को नोडल नियुक्त किया गया है। इस दिन सायं 6 बजे रेलवे स्टेशन के सामने स्थित शहीद स्मारक से बाईक रैली का आयोजन किया जाएगा।

## जिलेभर में उत्साह तथा उमंग से निकाली गई तिरंगा वाहन रैली

**भीलवाड़ा, (निसं)।** केन्द्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा निर्देशित और प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा वीसी में प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना में जिले में रविवार को निकली तिरंगा वाहन रैली में उत्साह और देशभक्ति का ज्वार उमड़ा। जिला स्तर पर पुलिस लाईन से निकाली गई वाहन रैली का शुभारम्भ जिला कलक्टर नमित मेहता तथा जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत व सीईओ परिषद शिवपाल जाट ने हाथों में राष्ट्रीय गर्व "तिरंगा" लहराते हुए किया।

इस दौरान अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक विमल सिंह सहित जिले के एएसपी, एसएचओ, साईकिल प्रेमी, स्काउट गाइड और अन्य संभागियों ने जोश-खरोश से हिस्सा लिया और शहर में तिरंगा लिए देशभक्ति का ज्वार उमड़ा दिया। तिरंगा वाहन रैली पुलिस लाईन से शुरू होकर, अजमेरी तिराया होते हुए, कलेक्ट्रेट, सेशन कोर्ट चौराया, रेलवे स्टेशन, गोल प्याऊ चौराहा होते हुए सूचना केन्द्र पर सम्पन्न हुई। तिरंगा वाहन रैली के शुभारम्भ के दौरान जिला कलक्टर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर को उल्लास और उमंग से मनाएं। 13 से 15 अगस्त तक सभी अपने घरों पर तिरंगा जरूर फहराएं और अन्यां को भी इसके लिए प्रेरित करें। जिले के हर घर पर तिरंगा लहराए और जिलेवासियों में गर्व की भावना का संचार हो इसी उद्देश्य के साथ यह तिरंगा वाहन रैली निकाली जा रही है।

पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत दुष्यंत ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व को गर्व के साथ मनाएं, राष्ट्रीय सम्मान के प्रतीक को लहराएं और हर घर पर तिरंगा अवश्य फहराएं और स्वतंत्रता दिवस को गर्व के साथ सेलिब्रेट करें। इस दौरान सभी ने हर घर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया। सीईओ शिवपाल जाट ने बताया कि सोमवार 12 अगस्त को जनसहभागिता के साथ एक बड़ी तिरंगा दौड़ / मैराथन दौड़ की जाएगी।

## जिला परिषद की साधारण सभा आज

**अजमेर, (कासं)।** जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा की अध्यक्षता जिला परिषद की साधारण सभा और जिला आयोजना समिति की बैठक का आयोजन सोमवार को होगा। जिला प्रमुख के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना ने बताया कि सोमवार दोपहर 12:15 जिला परिषद सभागार में साधारण सभा का आयोजन किया जाएगा, बैठक में गत बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि, गत बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालना की पुष्टि एवं चर्चा एवं जीपीडीपी वर्ष 2024-25 का किया जाएगा। अनुमोदन, महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 की समीक्षा, जिले मे पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सडकों, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा से संबंधित समस्याओं पर चर्चा एवं अन्य विभागो के क्रियाकलापों पर विचार विमर्श, गांवों में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन अन्तर्गत करवाये जा रहे कार्यो की समीक्षा सहित अन्य बिन्दुओ पर चर्चा की जाएगी। साधारण सभा में जनप्रतिनिधिगण एवं जिला स्तरीय अजमेर, केकड़ी एवं ब्यावर अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## समारोह में 500 से अधिक प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा एवं माली सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में माली समाज का भीलवाड़ा शहर में नगर परिषद् स्थित टाउन होल में मेवाड़ संभाग का प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में 500 से भी अधिक प्रतिभाओं सहित समाज के कर्मचारियों, भामाशाहों एवं जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के सामाजिक अधिकारिता एवं न्याय विभाग के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि "आज के युवाओं का आईक्यू ही नहीं बढ़ा है बल्कि वे शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहे हैं। अब छात्रों के 100 में से 100 नंबर आ रहे हैं। उनकी होशियारी भी बढ़ी है और दिमाग भी तेज हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि माली समाज के लोग मेहनती होने के साथ शिक्षा व अन्य क्षेत्र में भी अपने झण्डे गाड रहे है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से परिवार ही संस्कारित नहीं होता बल्कि देश का भी विकास होता है। एक समय कोई फर्स्ट डिवीजन आता था तो सब उसे देखने जाते थे लेकिन आज शिक्षा का स्तर बढ़ा है और छात्र 100 में से 100 नंबर ला रहे हैं। उन्होंने समाज के लोगों से कुरीतियां दूर करने का आव्हान किया।

समारोह की अध्यक्षता बांदीकुई विधायक भागचंद सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि माण्डल विधायक उदयलाल भडाणा, राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद गहलोत, महात्मा फूले राष्ट्रीय संस्थान के अध्यक्ष अनुभव चंदेल, मोतीलाल सांखला, माली सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सैनी, पूर्व अध्यक्ष हनुमान प्रसाद सैनी, महासचिव मदन लाल सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील सैनी एवं औंकार माली थे।

# त्रिवेणी संगम शिवालय से शुरू हुई कांवड़ यात्रा का कई जगह स्वागत किया

## त्रिवेणी संगम स्थल से शक्करगढ़ तक भव्य चतुर्दिक वाहन कांवड़ यात्रा निकली गई

**मांडलगढ़, (निसं)।** श्री अमरज्ञान निरंजनी आश्रम शक्करगढ़ के तत्वावधान में रविवार को त्रिवेणी संगम स्थल से शक्करगढ़ तक भव्य चतुर्दिक वाहन कांवड़ यात्रा निकली गई। कांवड़ यात्रा में आचार्य हंस चैतन्य महाराज को विशेष रथ में विराजित कर भक्तों ने शिव भोलेनाथ के नारों से माहौल को गुंजायमान बना दिया। त्रिवेणी से शक्करगढ़ तक 45 किमी की कांवड़ यात्रा में आचार्य चैतन्य महाराज का रथ आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान कांवड़ यात्रा का धामनिया में प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा की अगुवाई में भक्तों ने पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। वहीं मानपुरा, महुआ और काछोला में कांवड़ यात्रा को देखने के लिए महिला, पुरुष और बालक सड़क पर उमड़ पड़े और यात्रा का जोरदार स्वागत किया।

कांवड़ यात्रा के लिए शक्करगढ़ आश्रम की चारों दिशाओं से शिव भक्त दुपहिया वाहन के जरिए पवित्र स्थलों से जल लाकर आश्रम में स्थापित 251 किलो पारे से निर्मित शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। काछोला मीडिया प्रभारी भैरुलाल मंत्री, मानपूरा के विनोद पारीक ने बताया कि त्रिवेणी धाम से शुरू हुई कांवड़ यात्रा महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी जगदीश पुरी महाराज के शक्करगढ़ स्थित आश्रम पहुंची और श्री संकटहरण हनुमत धाम पर 251 किलो पारे से निर्मित पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया। भैरु लालमंत्री ने बताया कि त्रिवेणी संगम से शक्करगढ़ मार्ग काछोला में कांवड़ यात्रा का काछोला कस्बे में आचार्य हंस चैतन्य महाराज की अगुवाई में पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री जगदीशपुरी जी महाराज के सानिध्य में जलाभिषेक किया।



त्रिवेणी से शक्करगढ़ तक 45 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा में आचार्य चैतन्य महाराज का रथ आकर्षण का केंद्र रहा।

- मानपुरा, महुआ और काछोला में कांवड़ यात्रा को देखने के लिए महिला, पुरुष और बालक सड़क पर उमड़ पड़े और यात्रा का जोरदार स्वागत किया

**उज्जैन से लाए थे पारद शिवलिंग :-** अमरज्ञान निरंजन आश्रम के स्वामी जगदीश पुरी महाराज के आग्रह पर महाकाल की भूमि उज्जैन के सिद्ध संत स्वामी नारदानंद महाराज ने शास्त्रीय विधि से बनाया था, जिसे 18 फरवरी 2023 को उज्जैन से शक्करगढ़ स्थित नवनिर्मित श्री संकट हरण हनुमत धाम लाकर 22 फरवरी 2023 को विधि-विधान के साथ इसकी प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इस शिवलिंग का दर्शन करने के लिए प्रदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु शक्करगढ़ पहुंचते हैं। यहां श्रावण मास में शिव भक्तों की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। कांवड़ यात्रा के दौरान मांडलगढ़, बीगोद ओर काछोला थाना पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

## शहर में परिवहन विभाग का चैकिंग अभियान

**अजमेर, (कासं)।** जिला प्रादेशिक परिवहन विभाग अजमेर की क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुमन भाटी के दिशा निर्देशों पर चलाए जा रहे शहर में चैकिंग अभियान के तहत रविवार को शहर के पांच प्रमुख स्थानों पर वाहनों की सघन जांच की। अभियान के तहत वाहनों का फिटनेस, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और ड्राइवरों की वर्दी की जांच की गई। अधिकारियों द्वारा चार वाहन जब्त किए तथा 20 के चालान बनाए गए।

विभाग के इंस्पेक्टर प्रदीप ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुमन भाटी के दिशा निर्देशों पर चैकिंग अभियान के दौरान रविवार को शहर के प्रमुख स्थानों पर वाहनों को फिटनेस और पीयूसी, ड्राइविंग लाइसेंस न होने पर भी कई चालकों के खिलाफ चलान बनाए गए। साथ ही ड्राइवरों को वर्दी पहनने की अनिवार्यता के बारे में समझाश की गई, यातायात नियमों का पालन हो सके। रामगंज थाना क्षेत्र में विभाग द्वारा चैकिंग अभियान के दौरान चार वाहनों पर कार्यवाही करते हुए जब्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। प्रतिदिन लगभग 20 से अधिक वाहनों के चालान बनाए जा रहे है। अभियान के दौरान वाहन चालकों सहित शहरवासियों से भी अपील की है कि वाहनों के दस्तावेज, फिटनेस, पीयूसी सहित दस्तावे वाहन में रखें और ड्राइविंग के दौरान वर्दी पहनने का पालन करें।

## सार-समाचार

### निकली भव्य कावड़ यात्रा

**आसींद, (निसं.)।** नगर के सवाई भोज मंदिर स्थित प्रेम सागर तालाब से सावन मास में शिव भक्तों के द्वारा जल भर के अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज महंत सुरेश दास महाराज के सानिध्य में कावड़ यात्रा प्रारंभ हुई द्य वही कावड़ यात्रा के दौरान महंत सुरेश दास महाराज, विधायक जबर सिंह सांखला, नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू सहित कस्बे के गणमान्य प्रबुद्ध जनों की मौजूदगी में शिव भक्तों ने बम बम भोले हर हर महादेव के जयकारों के साथ कावड़ यात्रा प्रारंभ होकर नगर के मुख्य बाजार गांधी चौक बड़ा मंदिर होते हुए गोपालेश्वर मंदिर पहुंची द्य जहां नगर में नगर पालिका आसींद द्वारा जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए द्य वही कावड़ यात्रा पर नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा की गई एवं गाजे बाजे के साथ आसींद क्षेत्र के शिव भक्तों ने सम्मिलित होकर कावड़ यात्रा निकाली द्य वही कावड़ यात्रा गोपालेश्वर मंदिर पहुंची जहां पर शिव भक्तों के द्वारा भगवान शंकर का सहस्त्र धारा जलाभिषेक किया गया वही जगह-जगह पर कावड़ यात्रा की समाप्ति के बाद महा आरती करके भक्त जनों को महाप्रसाद वितरित किया गया। वही कावड़ यात्रा के दौरान अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज महंत सुरेश दास महाराज, नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू, विधायक जबर सिंह सांखला, गोटा दडावट पुजारी कूपाराम गुर्जर, फौजमल गुर्जर, श्रवण लाल साहू, सत्यनारायण साहू, पार्षद मूलचंद खटीक, छात्र संघ अध्यक्ष कमलेश गुर्जर भेरू खेड़ा, सहित आसींद क्षेत्र के ग्रामीण अंचल से गणमान्य प्रबुद्ध जन नागरिक मौजूद रहे।

### फूलो में सजा खाटू बाबा का दरबार

**मेड़ता सिटी, (निसं.)।** अंतरराष्ट्रीय 520 वा मीरा महोत्सव का शुभारंभ कल वार शनिवार वार को हुआ था, शनिवार रात्रि को मीरा स्मारक में 520वां मीरा जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल सेवा समिति द्वारा श्याम बाबा का अरदास कीर्तन का आयोजन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया, श्रीश्याम मित्र मंडल सेवा समिति के सौजन्य से विशाल श्याम संकीर्तन का आयोजन हुआ आयोजन स्थल पर भव्य दरबार सजाया गया जिसकी सुंदरता देखते ही मन मोह लेने वाली छवि को देखते ही भक्तो की अश्रुपूर्ण भाव से बाबा का कीर्तन हुआ नागौर के श्याम प्रेमी मण्डल नें अनेक भजनो की प्रस्तुति दी मूड मूड के देखु श्याम. सच्ची सच्ची कहदे बाबा तेरा डर तो हकीकत मे दुखियो का सहारा है आदि भावपूर्ण भजनो की प्रस्तुति नें समा बांधा, बाबा श्याम मीरा बाई के भजनो को सुननें के लिए मीरा नगरी के साथ आप पास के गांवो व नागौर डेगाना चन्दारून से भी सैंकड़ो की तादाद मे श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

### भक्तिरस संगोष्ठी का आयोजन

**अजमेर, (कासं)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद अजमेर द्वारा तुलसी जयंती के अवसर पर रविवार को पचकुंड तीर्थ पर 'वन भ्रमण एवं भक्तिरस संगोष्ठी' का आयोजन किया। समारोह पुष्कर के पंचकुंड तीर्थ स्थल पर मनाया गया। विभाग संयोजक कुलदीप सिंह रत्नू ने वर्तमान समय में गोस्वामी तुलसीदास कृत साहित्य का अनुसरण करने की बात कही। महामंत्री डा नीरज पारीक ने भारतीय साहित्य में तुलसीदासजी के अतुलनीय योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि राम चरित्र रचकर उन्होंने श्रेष्ठ समाज बनाने हेतु मार्गदर्शन किया। अध्यक्ष डॉ कृष्णकांत शर्मा, डॉ छाया शर्मा, पुष्पा क्षेत्रपाल, दिलीप चारण, बनवारी लाल शर्मा, विजय शर्मा, महेन्द्र सिंह चौहान, चेतना उपाध्याय, अनिल उपाध्याय आदि साहित्यकारों ने तुलसी के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में तुलसी विषय पर विमर्श करते हुए अनेक मधुर भजन भी गाये। और राम पर विचार रखे। हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ भी किया गया। अंत में विभाग संयोजक कुलदीप सिंह रत्नू ने सभी को धन्यवाद दिया।

### आश्रम में हर घर तिरंगा अभियान

**ब्यावर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी आशापुरा माता मंडल के तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत ब्रह्मानंद धाम आश्रम में 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री कपिलमुनि जी महाराज के मुख्य सानिध्य और अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं संत समाज द्वारा तिरंगा झंडा वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री कपिलमुनि जी महाराज ने आमजन को भारत देश के राष्ट्रीय ध्वज को हर घर, प्रतिष्ठान, भवन पर लगाने और फहराने के लिए प्रोत्साहित किया।उन्होंने कहा कि देश के वीर जवानों, महापुरुषों और संतो के बलिदानों के बाद हमें यह आजादी मिली है।

### वाहन रैली का हुआ आयोजन

**सरवाड़, (निसं.)।** आजादी के अमृत महोत्सव के तरह हर घर तिरंगा महोत्सव कार्यक्रम के दौरान आज दूसरे दिन रविवार को विशाल वाहन तिरंगा रैली का आयोजन किया गया वहीं यह रैली तहसील परिसर से रवाना होकर चमन चौराहा से बस स्टेण्ड व भीमेश्वर महादेव मन्दिर पहुंचकर संपन्न हुई इस दौरान तहसीलदार रणछोड़ लाल द्वारा रैली को हरि झण्डी दिखाकर रवाना किया। हाथों में तिरंगा व देशभक्ति गीत गाते हुए वाहन पर चल रहे थे। इस अवसर पर तहसीलदार रणछोड़ लाल थानाधिकारी सत्यवान मीणा प्रधानाचार्य गोपीलाल कीर नगर पालिका कनिष्ठ सहायक भागचन्द खींची पालिका कनिष्ठ तकनीकी सहायक विरेन्द्र कुमार योगी अध्यापक दीपेश सिसोदिया रहीस खान गौरी महावीर प्रसाद धोबी सन्दीप सेवता पालिका कार्मिक व पटवारीगण उपस्थित रहे।

### 1100 पौधे लगाए

**अजमेर, (कासं)।** रामगंज व्यापारिक संघ, अजमेर शहर व्यापार महासंघ एवं ग्रीन आर्मी के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को आधे घंटे में आल सेंट स्कूल से दयानंद कॉलेज तक 1100 पौधे लगाए गए। हरियाली महोत्सव के अंतर्गत रविवार को रामगंज बाज़ार में सुबह 7:30 पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि दक्षिण विधायक अनिता भदेल, विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर धर्मेंद्र गहलोत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार डाबी, नगर निगम उपमहापौर नीरज जैन मौजूद रहे। पौधारोपण का आरम्भ विधिविधान से नीम नारायण की पूजा से हुआ।

### वृक्षारोपण किया

**आसींद, (निसं.)।** नगर में महावीर इंटरनेशनल की स्वर्ण जयंती के अवसर पर बालाजी मंदिर में 70 पौधे लगाए गए खूबी लाल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 50 पौधे नीम के एवं 20 अन्य फलदार छायादार पौधे लगाए गए वृक्षारोपण करने से प्रकृति को सुंदरता प्रदान होती है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए वहीं वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान महावीर इंटरनेशनल संस्थान के अध्यक्ष खूबी लाल सोनी, रामप्रसाद मेवाड़ा, प्रकाश चौधरी, पारसमल ओसवाल, पारसमल, गिरिराज, राधेश्याम, ओम शर्मा, जगदीश चंद्र गर्ग मौजूद रहे।


**न्यायालय तहसीलदार रूपनगढ जिला - अजमेर**

क्रमांकः-भू.अ./2024/2830 दिनांक - 08.08.2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम थल तहसील रूपनगढ जिला अजमेर स्थित खसरा नम्बर 244, 260,261, 690 / 260 कुल रकबा 15.0554 हैक्टर का हिस्सा 3 / 14 व ख0 नं0 303, 720 / 303 कुल रकवा 0.4206 हैक्टर में हिस्सा 3 / 14 के मृतक खातेदार अमरचन्द पुत्र हुकमा जाति जाट सा0 देह खातेदार की विरासत का नामान्तरकरण विश्राम पुत्र हुक्मा जाति जाट निवासी ग्राम थल के नाम नामान्तरकरण खोलने बाबत प्रार्थी विश्राम पुत्र हुक्मा जाति जाट निवासी ग्राम थल द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु इस न्यायालय में प्रकरण सं0 04/2022 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135 ( 2 ) के अन्तर्गत इस न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त ग्राम थल तहसील रूपनगढ जिला अजमेर स्थित खसरा नम्बर 244, 260,261, 690/260 कुल रकबा 15.0554 हैक्टर का हिस्सा 3 / 14 व ख0 नं0 303,720 / 303 कुल रकबा 0.4206 हैक्टर में हिस्सा 3 / 14 के मृतक खातेदार अमरचन्द पुत्र हुकमा जाति जाट सा0 देह खातेदार की विरासत का नामान्तरकरण विश्राम पुत्र हुक्मा जाति जाट निवासी ग्राम थल के नाम नामान्तरकरण खोलने बाबत प्रार्थी विश्राम पुत्र हुक्मा जाति जाट निवासी ग्राम थल द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध में आपत्तिकर्ता गलकू अलावा किसी व्यक्ति को कोई उजर / ऐतराज हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन से 07 दिन गुजरने की अवधि में कार्यालय तहसीलदार रूपनगढ में कार्यालय समय में उपस्थित होकर अपना उजर / ऐतराज मय साक्ष्य / सबूत के प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के बाद प्रस्तुत होने वाले ऐतराज स्वीकार नही किये जायेंगे। तहसीलदार (भू0अ0) रूपनगढ़ रुपन जिला अजमेर



**ग्राम पंचायत भरनाई पंचायत समिति मकराना**

क्रमांक :-ग्रा.प/निविदा/2024-25/15 दिनांक - 08.08.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या-01/2024-25**

ग्राम पंचायत भरनाई में वित्तिय वर्ष 2024-25 में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत कराए जाने वाले निर्माण कार्यो के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं से ई-निविदाएं दिनांक 19/8/2024 को सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB-ZNR2425A0356

UBN NO. ZNR2425GLOB00409

सरपंच / ग्राम पंचायत भरनाई / पंचायत समिति मकराना — ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत भरनाई / पंचायत समिति मकराना